समस्तीपुर Town

समस्तीपुर: पुलिस की छापेमारी में नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़, नकली खाद बनाते चार लोग भी धराये

समस्तीपुर/पूसा :- समस्तीपुर जिले के वैनी थाना की पुलिस ने ठहरा पंचायत के वार्ड संख्या-10 में छापेमारी कर एक नकली खाद फैक्ट्री पकड़ी। इसके साथ ही पुलिस ने भारी मात्रा में नकली खाद व खाद बनाने का सामान बरामद किया।

मौजूद लोगों के अनुसार पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। छापेमारी की पुष्टि प्रभारी थानाध्यक्ष अंशु कुमारी ने की है। हालांकि अन्य जानकारी देने से परहेज किया। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में नमक से पोटाश व अन्य खाद बनाने के सामान व निर्मित सामान पुलिस ने बरामद किया है।

मौजूद लोगों की मानें तो खाद निर्माण का कार्य दो मंजिला भवन में कई वर्षो से होता था। लेकिन इस दौरान किसी ने गुप्त सूचना वैनी थाना पुलिस को दी। प्रभारी थानाध्यक्ष सदल-बल मौके पर पहुंचकर अवैध कारोबार का खुलासा किया। मौजूद लोगों की बात को मानें तो इसमें कई अन्य लोग भी शामिल बताये गये हैं। मौजूद लोगों के अनुसार पुलिस ने छापामारी स्थल पर चौकीदार को प्रतिनियुक्त किया है। इधर पुलिस की छापेमारी के बाद अवैध कारोबारियों में दहशत है।

Source: https://www.samastipurtown.com/samastipur/2024/09/nakli-khad-factory-ka-bhandaphod/